थापर पॉलिटेक्निक कॉलेज ने 52 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शानो - शौकत से किया आयोजन

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला केसरी

Page: 04, Dated 28-02-2026

थापर पॉलीटैक्नीक कॉलेज ने 52वीं वार्षिक एथलैटिक मीट का शानो-शौकत से किया आयोजन

पलविंदर चीमा ने विद्यार्थियों को दृढ़ निश्चय, अनुशासन के लिए किया प्रेरित

थापर कॉलेज के कैंपस में करवाए गए कार्यक्रम का दृश्य। (सुंदर)

पटियाला, 27 फरवरी (मनदीप जोसन) : थापर पॉलीटैक्नीक कॉलेज ने सिंथेटिक ट्रैक कैंपस में अपनी 52वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का गर्व के साथ आयोजन किया, जो खेल भावना, अनुशासन और एकता का जीवंत उत्सव साबित हुआ।

इस मौके समारोह की शुरूआत विद्यार्थियों द्वारा किए गए शानदार मार्च पास्ट से हुई, जिसमें उनकी सटीकता, तालमेल और टीम स्पिरिट स्पष्ट दिखाई दी। झंडा फहराने और राष्ट्रीय गान की गूंज से माहौल गौरव और देशभक्ति से भर गया।

समारोह में मुख्यातिथि पलविंदर सिंह चीमा पुलिस अधिकारी तथा कॉमनवेल्थ गैम्स के फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता रहे द्वारा खेल मीट का औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह और मशाल प्रज्वलन किया गया, जो निष्पक्ष खेल, ईमानदारी और श्रेष्ठता के प्रति वचनबद्धता का प्रतीक था।

इस मौके पलविंदर चीमा ने अंतर्राष्ट्रीय खेल सफलता से लेकर उत्कृष्ट सरकारी सेवा तक अपने प्रेरक सफर से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को दृढ़ निश्चय, अनुशासन और अटूट समर्पण के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। माननीय गैस्ट ऑफ ऑनर डॉ. पदम कुमार नायर (वाइस चांसलर), डॉ. अजय बतिश (प्रो वाइस चांसलर) और डॉ. गुरबिंदर सिंह (डायरैक्टर, टी.पी.सी.) ने अपने मूल्यवान विचार सांझा करते हुए विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों, धैर्य और सामूहिक विकास को निखारने में खेलों की अहम भूमिका पर जोर दिया। प्रिंसीपल डॉ. अंकुश कांसल ने खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और सर्वांगीण व्यक्तित्व बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने संस्थान की ओर से शारीरिक तंदुरुस्ती और पाठ्यक्रम से इतर गतिविधियों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए वचनबद्धता दोहराई।

इस मौके 800 से अधिक विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं—जैसे कि स्प्रिंट, रिले, लंबी कूद, ऊंची कूद और थ्रो इवैंट्स—में भाग लेकर असाधारण उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का प्रदर्शन किया। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन शानदार पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिससे कॉलेज की खेल भावना, टीम वर्क और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की समृद्ध परम्परा में एक और सफल अध्याय जुड़ गया।